# भार वृद्धि ऑनलाइन आवेदन पर त्वरित स्वीकृति

## प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने की भोपाल ग्रामीण की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा

**भोपाल 05 अगस्त. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि 10 किलोवाट भार तक के घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए स्वचालित भार वृद्धि की एक नई सुविधा प्रारंभ की गई है.**

इस सुविधा के शुरू होने से 15 दिवस के भीतर 01 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन आवेदन कर अपने कनेक्शन की भार वृद्धि कराने का लाभ उठाया है. उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को केवल सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा और कंपनी के पोर्टल के माध्यम से बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप या जोन-स्तरीय



अनुमोदन के बिना त्वरित और निर्बाध रूप से उनका भार स्वीकृत हो जाएगा और भार वृद्धि के लिए निर्धारित शुल्क उनके आगामी देयक में जुड़कर आएगा. उपभोक्ताओं को 10 किलोवाट भार तक भार वृद्धि के लिए किसी जोन अथवा वितरण कार्यालय में संपर्क करने की जरूरत अब खत्म हो गई है. यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने भोपाल ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही. इस अवसर पर कंपनी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मुख्य महाप्रबंधक भोपाल क्षेत्र अमृतपाल सिंह, महाप्रबंधक भोपाल ग्रामीण जाहिद अजीज खान, सभी उप महाप्रबंधक तथा मैदानी अधिकारी उपस्थित थे.

समीक्षा बैठक के दौरान प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि विद्युत लाइनों और उपकेन्द्रों का रखरखाव का ऐसा प्लान तैयार किया जाए जिससे कम से कम समय का शटडाउन लिया जाए ताकि अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो. उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए आमजन और उपभोक्ताओं में जनजागरूकता के लिए विभिन्न प्रयास किये जाएं और जन माध्यमों के जरिये स्मार्ट मीटर के फायदे से आमजन को अवगत कराया जाए.

### स्मार्ट मीटर वालों को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है. स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जा रही है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह जुलाई 2025 के दौरान कुल 1,24,701 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया है, जिसकी कुल राशि 01 करोड़, 09 लाख रूपए है.



# महिला प्रकोष्ठ का हरियाली तीज महोत्सव

▶ लोधी लोधा समाज की प्रस्तुति में शामिल हुई महिलाएं

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 05 अगस्त. अखिल भारतीय लोधी लोधा महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को हरियाली तीज महोत्सव आयोजित हुआ. कार्यक्रम में वीरांगना अवंती बाई लोधी की स्मृति में पौधारोपण किया गया.**

इस मौके पर महिलाओं और बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य गीत और तीज से जुड़े गीतों की प्रस्तुतियां दी. कार्यक्रम में महापौर मालती राय, अंजलि धर्मेंद्र लोधी (राज्य मंत्री) पार्षद सुकून राजू लोधी और कथक गुरु वी अनुराधा शामिल हुई. सभी ने नारी सशक्तिकरण संस्कृति और समाज की भूमिका पर विचार रखे. अंजलि लोधी ने कहा कि समाज की विभिन्न महिलाओं ने अपनी उपस्थिति से यह सिद्ध कर दिया कि जब संगठित नारी शक्ति किसी उद्देश्य से जुड़ती है, तो सामाजिक बदलाव सुनिश्चित होता है.

## एक नजर में



### सरलता के साथ जियो तो जीवन स्वयं में ही धर्म

**भोपाल.** साध्वी ने कहा कि सरलता के साथ जियो तो जीवन स्वयं में ही धर्म है. धर्म कहीं मंदिरों तीर्थ पर नहीं है बल्कि आप सभी की स्वयं की दिनचर्या में सत्य संयम अहिंसा और सरलता में ही छिपा हुआ है. धर्म आचरण है धर्म कार्य है और धर्म क्रिया है सभी को अपना जैसो मानो सभी का सम्मान करो सभी को वात्सल्य दो किसी की निंदा मत करो किसी को दुख मत पहुंचाओ दया करुणा भाव सभी जीवो के प्रति रखो यही धर्म है. श्वेतांबर जैन सिटी मंदिर में तत्व ज्ञान परिचर्चा हुई, जिसमें धर्म अध्यात्म से जुड़े विषयों पर विशेष परिचर्चा के साथ वीतराग धर्म के वैज्ञानिक दृष्टि कोण को विस्तार से वक्ताओं ने बताया. श्वेतांबर मूर्ति संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश तातेड़ ने बताया कि भगवान आदिनाथ के अभिषेक के साथ प्रभु आदिनाथ की विशेष भक्ति संगीत नृत्य से ओत प्रोत आयोजन में 'ऋषभ जिनेश्वर प्रीतम म्हारो' बाबा आदिश्वर के दर पर आयो रे' भक्ति की गई. स्वर विज्ञान एवं वास्तु विशेषज्ञ राजीव नाहर ने स्वर संगीत को बताया. बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

### तुरंत महादेव का 20वां स्थापना दिवस मनाया



**भोपाल.** इंद्रपुरी स्थित तुरंत महादेव मंदिर का मंगलवार को 20वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. भोलेनाथ का जलाभिषेक करा कर उनका श्रृंगार कर पूजन किया गया. प्रसिद्ध भजन कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी. जिससे भक्त भक्ति में लीन दिखे. कार्यक्रम के समापन पर भंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 5 हजार भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की. इस मौके पर रिंकू भटेजा, गुड्डू अग्रवाल, अमरीश पटेल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

# प्रत्येक मंडल में निकलेंगी तिरंगा यात्राएं

युद्धवीरों, शहीदों के परिजनों को करेंगे सम्मानित

कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों की बैठक

**भोपाल, 5 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आगामी तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका दिवस के आयोजन के लिए जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक को जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति एवं जिला संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह यादव ने संबोधित किया.**

जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा द्वारा 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्राएं आयोजित की जाएगी. 13 से 15 अगस्त तक



प्रत्येक घर, प्रतिष्ठानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा. जिला संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुडे स्मारकों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. प्रत्येक मंडल में युद्धवीरों, शहीद पुलिसकर्मियों के निवास पहुंचकर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा. 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर पितृपुरूष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर आयोजित किया जाएगा.

### पूनम श्रीवास्तव को ज्योतिष सम्मान से किया सम्मानित

**भोपाल.** पराशक्ति एस्ट्रो वास्तु अवेयरनेस सोसायटी द्वारा विक्रमादित्य कॉलेज रातीबड़ के डायरेक्टर आदित्य नरवरिया द्वारा पूनम श्रीवास्तव अंक ज्योतिषी को ज्योतिष सम्मान से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में शहर के सुप्रसिद्ध ज्योतिष, आचार्य एवं अनेक विद्वान उपस्थित थे. विधायक रामेश्वर शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. समिति के संस्थापक एनके व्यास एवं रजक द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और भ्रांतियां को दूर करना था. सीमा पर लड़ रहे भारत माता के सपूतों को प्रोत्साहित करना है. पहलगाम की दुर्घटना में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई.



# एलएनसीटी विवि में नेशनल सेमिनार ऑन एक्यूपंक्चर

**भोपाल, 5 अगस्त. एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में नेशनल सेमिनार ऑन एक्यूपंक्चर का आयोजन किया गया. यह राष्ट्रीय कार्यशाला कोलार रोड एलएनसीटी ऑडिटोरियम में हुई. इस संगोष्ठी का उद्देश्य एलएनसीटी में एक्यूपंक्चर में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स चालू हुआ है.**

इसे मुख्य रुप में बढ़ावा देना है. मुख्य संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे, कुलपति प्रो. (डॉ.) एनके थापक एवं रजिस्ट्रार डॉ. एके सोनी शामिल हुए थे. आयोजन की अध्यक्षता डॉ. राजकिशोर चौरसिया ने की थी. संगोष्ठी ने देशभर के मेडिकल, आयुर्वेद, फिजियोथेरेपी एवं पैरामेडिकल विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर एक्यूपंक्चर चिकित्सा के आधुनिक स्वरूप को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया. कार्यशाला में प्रोफेसर डॉ. पीबी लोहिया, (मुंबई), डॉ. एम कुमार (लखनऊ), डॉ. सुशांत साहू (झारखंड), डॉ. मृणाल धर्मिक (भोपाल), डॉ. अखलेश कुमार सिंघई, डॉ. (प्रो.) नलिनी मिश्रा, डॉ. सपन जैन, डॉ. विशाल शिवहरे व डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

### बुध प्रदोष पर चंद्रमोलेश्वर स्वरूप में दर्शन देंगे बटेश्वर

**भोपाल.** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास महोत्सव के तहत अंतिम बुध प्रदोष पर चंद्रमोलेश्वर स्वरूप में बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि भगवान चंद्रमोलेश्वर के मस्तक पर चंद्रमा सुशोभित होता है जो शीतलता और ज्ञान का प्रतीक है. प्रदोषकाल में पूजा से बुध ग्रह के अशुभ प्रभावों को कम किया जा सकता हैसाथ ही इनकी पूजा से बुद्धि वाणी एवं एकाग्रता में सुधार होता है. संतान प्राप्ति एवं बुध ग्रह के प्रभाव को कम करने श्रद्धालुगण पंचगव्य, पंचामृत एवं दूध से बटेश्वर का रुद्राभिषेक करेंगे.

# दलित और खटीक समाज को उचित हक मिले

▶ मल्हार प्रमाण-पत्र कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल, 4 अगस्त. डॉ. अंबेडकर जन कल्याण समिति द्वारा राजधानी स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मल्हार प्रमाण-पत्र का शुभारंभ किया गया. डॉ. अंबेडकर जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुनील अहिरवार ने कहा कि दलित और खटीक समाज के लोगों को उचित हक मिलना चाहिए. अहिरवार ने कहा कि देश के फाइव स्टार, थ्री स्टार होटलों और ढाबों में झटका मांस का उपयोग किया जाना चाहिए.**

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास और मांग है कि झटका मांस के व्यवसाय में वृद्धि की जाए, ताकि समाज के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके. कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो, मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक




मल्हार एक प्रमाणित मंच है, जो हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों के अनुरूप झटका पद्धति से प्राप्त मांस की गुणवत्ता की पुष्टि करता है. यह मांस न केवल लार-मुक्त होता है, बल्कि इसमें किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं होती है. जिससे उपभोक्ताओं को पूर्णत: स्वच्छ, ताजा एवं धार्मिक मानकों के अनुरूप उत्पाद प्राप्त होता है. यह सेवा विशेष रूप से अनुसूचित जाति के हिंदू खटीक समुदाय के प्रमाणित विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है. मल्हार प्रमाण-पत्र के माध्यम से इन विक्रेताओं को होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य उपभोक्ताओं तक प्रमाणिक मांस पहुंचाने का अवसर प्राप्त होगा.

विष्णु खत्री, हरि सिंह सप्रे एवं राजेश सोनकर विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार के बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की. कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुनील अहिरवार ने की. इस पहल के अंतर्गत झटका पद्धति से मांस विक्रय करने वाले अनुसूचित जाति के खटीक समुदाय के विक्रेताओं को मल्हार प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया.

# जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण का संरक्षण करना है जरूरी

▶ हरियाली सखी यात्रा में महिलाओं ने किया जागरुक

**भोपाल, 5 अगस्त. फंदा ग्राम चोपड़ा कला में पर्यावरण संरक्षण के लिए जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. महिलाओं को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई.**

पौधा वितरण और कलश यात्रा करके पौधों को बचाने और फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया. महिलाओं में भी इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया. उन्होंने ग्राम चोपड़ा कला में एक पेड़ मां के नाम योजना अंतर्गत मंदिर परिसर में पौधारोपण किया.

इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अपने घर के आसपास भी फलदार पौधे लगाएंगे. इस अवसर पर एक जागरूकता रैली भी निकल गई. जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस हनुमान मंदिर परिसर में पहुंची. वहां उन्होंने पौधा लगाने एवं दूसरों को भी पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाने का वचन दिया.

# वायु गुणवत्ता सुधारने उठाएं कदम

## नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम : सिटी लेवल क्रियान्वयन समिति की बैठक

**भोपाल, 5 अगस्त. नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत सिटी लेवल क्रियान्वयन समिति की बैठक निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन की अध्यक्षता में संपन्न हुई. निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन की अध्यक्षता में मंगलवार को माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय के सभाकक्ष में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत सिटी लेवल क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में वायु प्रदूषण को रोकने और वायु की गुणवत्ता के सुधार के




संबंध में विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं नगर निगम सहित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल व मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आदि के अधिकारियों ने उनके विभागों द्वारा वायु गुणवत्ता में सुधार एवं प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई.

### आत्मा अजर-अमर और शास्वत : प्रमाणसागर

**भोपाल, 5 अगस्त.** वर्तमान युग में हर व्यक्ति भागदौड़ एवं अनावश्यक तनाव और चिंता से ग्रसित होकर जी रहा है, मन में न जाने कितने प्रकार के विचार और विकल्प रोजाना उत्पन्न होते हैं. आधुनिक युग में सूचनाओं के संसाधनों ने हमारे मन में अनगिनत लहरें उत्पन्न कर दी है. कभी सोशल मीडिया तो कभी फैसबुक, इष्टाग्राम इंटरनेट के माध्यम से चल रहे अनगिनत ऐप्सों के माध्यम से व्यक्ति दुनिया से तो जुड़ गया, लेकिन खुद से कट गया है. इसीलिये वह तनाव में बना रहता है. उपरोक्त उदगार मुनि प्रमाण सागर महाराज ने विद्या प्रमाण गुरुकुलम् में भावनायोग का विज्ञान पर चल रही प्रवचन माला में व्यक्त किये.

# एम्स ने टैम्पर प्रूफ क्यूआर लेबल तकनीक विकसित की

**भोपाल, 5 अगस्त. एम्स ने फॉरेंसिक विज्ञान और स्वास्थ्य नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. संस्थान के फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने एक टेंपर-प्रूफ क्यूआर कोड युक्त लेबलिंग प्रणाली विकसित की है.**

जो चिकित्सा-न्यायिक जांच के दौरान एकत्र किए गए फॉरेंसिक नमूनों के सुरक्षित भंडारण, सुरक्षित परिवहन और न्यायिक मान्यता को सुनिश्चित करती है. यह नवाचार इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा वित्तपोषित दो वर्षीय अनुसंधान




परियोजना का हिस्सा है. इस प्रणाली में एक विशेष रूप से डिज़ाइन किया गयाए जलरोधक, एकल-उपयोग वाला, अटूट लेबल शामिल है. जिसमें संस्थागत मुहर और एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड होता है. यह लेबल साक्ष्य कंटेनरों पर सीधे चिपकाया जा सकता है, जो भौतिक सुरक्षाए डिजिटल ट्रेसबिलिटी और टेंपर डिटेक्शन की सुविधा प्रदान करता है.




